## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 3 को मैहर और 5 जून को सतना

**सतना।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

### तीन माह का दिया जाएगा एकमुश्त राशन

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय से प्राप्त निर्देशानुसार दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजनान्तर्गत कटनी जिले में जून, जुलाई व अगस्त माह का राशन एकमुशत दिया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि माह जून से अगस्त तक (तीन माह) के एकमुश्त खाद्यान्न वितरण हेतु जिले को 225 क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन प्रदान किया गया है। जिसमें 180 क्विंटल गेहूं और 45 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल शामिल हैं। यह आवंटन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूँ एवं 40 ग्राम फोर्टीफाईड चावल की मात्रानुसार जारी किया गया है। योजनांतर्गत गेहूँ एवं फोर्टीफाईड चावल का प्रदाय 1 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से किया जाएगा। प्रदाय किए जाने वाले गेहूँ एवं फोर्टीफाईड चावल की गुणवत्ता की जांच उपरांत एफएक्यू गुणवत्ता का ही खाद्यान्न प्रदाय किया जायेगा, जिसके सत्यापन की जिम्मेदारी जिला स्तरीय गुणवत्ता समिति की होगी।

### दशरमन में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई

**सिलौंडी।** ग्राम पंचायत भवन दशरमन में राजमाता कुशल प्रशासक अहिल्या बाई होलकर की जन्म जयंती मनाई गई जिसमें बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, नरेंद्र त्रिपाठी, अनुराग गुप्ता ,नितिन पांडे ,आशीष चौरसिया, अजय सोनी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, सरपंच सीमा भरत शुक्ला की उपस्थित में विचार संगोष्ठी हुई । विधायक ने राजमाता अहिल्लाबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला और सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने अहिल्लबाई होलकर के जीवन के संघर्ष के बारे बताया । सभी अतिथि ने मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की है । कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारी का सम्मान भी हुआ । इस दौरान सरपंच अनिल सिंह बागरी ,शैलेश जैन , साकेत लोनी ,पंजक मिश्रा ,पंचों संतोष कुमार ,जितेंद्र अरोरा,अनिल पांडे सहित समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीणों की मौजूदगी रही

### शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने कराएं समग्र ई-के.वाय.सी

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु समग्र ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन हितग्राहियों ने अभी तक समग्र ई-के.वाय.सी नहीं कराया है, वे 5 जून 2025 तक इसे अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। समग्र ई-के.वाय.सी कराने के लिए नागरिकगण समग्र आईडी, आधार कार्ड, स्वयं अथवा परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर के साथ नगर निगम जोन कार्यालय अथवा शिविर स्थलों सहित अपने नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र, सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में संपर्क कर सकते हैं। हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा रोजाना शिविरों का आयोजन किया जाकर समग्र से आधार ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है।

### मरीज को कराया गया सरकारी अस्पताल में भर्ती

## भरहुत नगर में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा था हेल्थ केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, प्रशासन ने किया सील







सतना

जिला प्रशासन ने शहर के भरहुत नगर इलाके में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया है। जांच करने पहुंची टीम को यहां पर ऐसे लोग भी मिले जिनका इलाज किया जा रहा था। मरीज को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज प्रारंभ कर दिया गया है। उधर बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलाने वाले प्रबंधन को प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, ओल्ड आरटीओ,भरहुत नगर,सतना में प्राप्त शिकायत के संबंध में आवश्यक जांच की गई। जांच में पाया गया कि उक्त अस्पताल में ग्राम भमर,पोस्ट करसरा,सतना निवासी गणपत सिंह (आयु 23 वर्ष) का उपचार बिना रजिस्ट्रेशन के किया जा रहा था। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश उपचार्यगृह तथा रुजोपचार अधिनियम,1973 तथा नियम,1997 (यथासंशोधित 2021) की धारा 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस अनियमितता के दृष्टिगत,नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। क्लीनिक सील किया गया है। भर्ती मरीज गणपत सिंह को जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया है। जांच करने पर यह पाया गया है कि पूर्व में मोतीलाल कोल, के पी एस तिवारी,साइना चौधरी का इलाज भी यहां पर करना पाया गया। निरीक्षण दल में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया,डॉ.अमर सिंह (नोडल अधिकारी, रुजोपचार शाखा),आशुतोष प्यासी(शाखा लिपिक,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी), पटवारी अखंड प्रताप सिंह तथा अनूप पांडे उपस्थित रहे। जांच टीम ने में कहा है कि अस्पताल प्रबंधन को उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत नोटिस जारी कर आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

## बारिश के कारण ठंडे पड़े नौतपा के तेवर, तापमान में 7 डिग्री की गिरावट दर्ज

### तेज हवा के कारण कई जगहों पर पेड़ गिरे, बिजली की तारें टूटीं

सतना

रविवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश ने नौतपा के तेवर को ठंडा कर दिया है। इस दौरान रुक-रुक कर कई बार पानी गिरता रहा और हवा भी चलती रही। जिसकी वजह से तापमान में 7 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। तेज हवा के कारण कई जगहों पर पेड़ भी गिर गए और बिजली गुल हो गई। रविवार दोपहर के बाद मौसम में अचानक बदलाव आया। उमस के बीच आसमान में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ जिले के कई इलाकों में बारिश हुई। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरे और बिजली की तारें टूटी। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान 38.5 और न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी प्रकार 10.6 मिली मीटर बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार,हवा की रफ्तार 30 किलोमीटर प्रति घंटा रही।रविवार सुबह अधिकतम तापमान 38.7डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दोपहर में हुई बारिश के बाद तापमान में 7 डिग्री की गिरावट आई है।





### शहर में रुक-रुक कर बारिश

शहरी इलाकों में रुक रुक कर बारिश होती रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार,यह बदलाव प्री-मानसून गतिविधियों का परिणाम है। अगले 2 दिनों तक मौसम ऐसा ही बने रहने का पूर्वानुमान भी लगाया जा रहा है।

## संगीतमय सुन्दरकाण्ड कार्यक्रम आयोजित



मैहर

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रामनिवास उरमलिया के पिता स्वर्गीय रामावतार उरमलिया के 77 वीं जयंती के अवसर पर पुराने विश्रामग्रह मैहर के समीप दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। तदुपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर आर के सिंह,मुन्ना गौतम,अखिलेश मिश्रा,अशोक घई,रजनीश शर्मा,शिवानंद द्विवेदी,वंशगोपाल परौहा,डा एल पी त्रिपाठी,राम प्रकाश गुप्ता,कुलदीप पाठक,सुरेन्द्र सिंह तिवारी,पीएल द्विवेदी,सुभाष चन्द्र सोनी एवं रामनरेश पयासी सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## गौशाला चौक के पास सड़क पर पैदल चलना हुआ मुश्किल

सतना

शहर के गौशाला चौक और कंवर राम टॉकीज इलाके में खोदी गई सड़क की वजह से पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। रविवार को बारिश होने के कारण सड़क पर कीचड़ हो गया है और गढ्ढों में पानी भर गया है जिसके कारण घटना दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि सीवर लाइन के कारण गौशाला चौक की सड़क को कई बार खोदा जा चुका है। समय पर रेस्टोरेशन नहीं करने के कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस इलाके में भी सीवर लाइन के लिए सड़क खोदी गई है लेकिन समय पर इसका रेस्टोरेशन तेज गति से नहीं किया गया है।





### स्थानांतरण पर प्रतिबंध से छूट की अवधि को 10 जून,2025 तक बढ़ाया

**सतना।** राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है।

## अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी मनाई गई

### समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया



**मैहर।** अहिल्याबाई की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय पाल महासभा इकाई जिला मैहर के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के युवा टीम के द्वारा सिविल अस्पताल मैहर में बिस्किट एवं फल का वितरण कर किया गया। तत्पश्चात पाल धर्मशाला देवी जी में लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी की जयंती पर पाल समाज के कार्यकारी अध्यक्ष कल्लू पाल के द्वारा मां शारदा देवी एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप पाल के उद्बोधन के पश्चात पटवारी भूपेंद्र पाल के द्वारा पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होकर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसी कड़ी में योगाचार्य अनिकेत पाल युवा भारत जिला प्रभारी मैहर के द्वारा समाज को नशा मुक्त करने पर जोर दिया गया। वहीं सचिव रामखेलावन पाल ने घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड़ संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम के अगले चरण में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की शाम 5:00 ओमकार पैलेस से होकर के चंडी देवी मंदिर प्रांगण तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा पाल समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। पाल समाज के समाजसेवी विश्वनाथ पाल,जवाहर पाल,कुलपति पाल,डी पी पाल अमातारा प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में अखिल भारतीय पाल महसभा जिला मैहर की तरफ से भूपेंद्र पाल के द्वारा विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,बीजेपी जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने एवं समस्त भाजपा पार्टी का अहिल्याबाई होल्कर के इस विराट भव्य 10 दिवसीय आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर युवा समाजसेवी देवशरण पाल,दिनेश पाल,राजू पाल,राज किशोर पाल शिक्षक बारे लाल पाल,बेबो पाल,कृष्णा पाल,राजा पाल,पुष्पेंद्र पाल भारत पाल,बलदेव पाल,अभयराज पाल,राजकुमार पाल,राजा पाल,सत्येंद्र पाल,कृष्णा पाल,अजय पाल,सतीश पाल,पुरुषोत्तम पाल,रमेश पाल,अनिल पाल रामविलास पाल,भारत पाल,रवि पाल,विकास पाल सहित समस्त पाल समाज के युवा समाजसेवी उपस्थित रहे।

## मझगवां में इथेनॉल प्लांट के खिलाफ हल्ला बोल...आरोपः प्लांट से लोगों का घुट रहा है दम

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन चेतावनी

**सतना।** मझगवां में इंडो न्यूक्लियर इथेनॉल प्लांट के खिलाफ रविवार को ग्रामीणों ने हल्ला बोल दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्लांट के कारण यहां पर सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है,हम लोगों का दम घुट रहा है। ग्रामीणों ने तहसीलदार हिमांशु शुक्ला को ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों में उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ग्राम पंचायत देवलहा के उमरिहा में बने प्लांट पर आरोप लगे हैं कि प्लांट से निकलने वाले धुएं से इलाके में प्रदूषण फैल रहा है। प्लांट प्रबंधन पर स्टॉप डैम से अवैध रूप से पानी निकालने का भी आरोप है। हाल ही में एक ग्रामीण की नहाते समय प्लांट की मोटर में फंसकर मौत हो गई थी।इसके अलावा प्लांट के 5 किलोमीटर के दायरे में लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सबसे ज्यादा प्रभावित मवासी जनजाति की बस्ती है,जो प्लांट से सिर्फ 300 मीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री का धुआं और काला पाउडर खाने-पीने की चीजों में मिल रहा है। खेतों में तरल कचरा बहाया जा रहा है,जिससे कृषि को नुकसान हो रहा है।प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



### विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत

## किसानों की समस्याओं का निराकरण कर दी गई जानकारी

**सतना।** खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी,मृदा स्वास्थ्य कार्ड,धान की सीधी बुवाई,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अऋणी कृषकों को जोड़ने,प्राकृतिक खेती,फसल विविधीकरण,कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन,उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये 29 जून को विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तीसरे दिन 31 मई को प्रत्येक विकासखण्ड के 3-3 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों,कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों,कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी-कर्मचारी,प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें सोहावल विकासखण्ड के मसनहा,रैगांव,ग्राम पंचायत बचवई,विकासखण्ड रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत इटमा,कोटार,बीदा, असरार,विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत बरौंधा,अर्जुनपुर,महतैन,विकासखण्ड नागौद के ग्राम पंचायत अतरौरा,पनगरा,अकौना साठिया,विकासखण्ड उचेहरा के ग्राम पंचायत पोडी,धनेह, पिथौरा बाद में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद मैहर जिले के विकासखण्ड अमरपाटन के ग्राम पंचायत पगरा,झिरिया कोपरीहान,ककलपुर,विकासखण्ड मैहर के ग्राम पंचायत इटमा,लुढौती,हिनौताकलां तथा विकासखण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत नादो,सुलखमा,कुदरीकलां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 42 जनप्रतिनिधि एवं 2342 कृषक उपस्थित रहें। कृषकों से मृदा उपचार,बीज उपचार, उन्नत किस्मों,उद्यानिकी की उन्नत किस्में,मिट्टी परीक्षण,उन्नत कृषि तकनीकी,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती,जैविक खेती,नैनो यूरिया,संतुलित खाद का उपयोग पर चर्चा की गयी तथा किसानों की समस्याओं और उनके निराकरण से संबंधित जानकारी दी गई।

## स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति योजना

### 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति का वितरण

सतना

प्रदेश के विद्यालयों में कक्षा-1 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था है। राज्य में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2013-14 से लागू की गयी है। इसके क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षा और स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल में एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल,जिसमें जाति,माता-पिता का व्यवसाय,परिवार की वार्षिक आय,बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस,गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि जानकारियाँ,जो कि छात्रवृत्ति गणना करने के लिये आवश्यक होते हैं,उन्हें ऑनलाइन किया जाता है। इसके आधार पर सिस्टम द्वारा छात्रवृत्ति की गणना कर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है। वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति-जनजाति केन्द्र प्रवर्तित और राज्य प्री एवं पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपीटास पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इस वर्ष विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण के लिये कैलेण्डर तैयार किया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश जारी किये गये हैं।छात्रवृत्ति के संबंध में जिला शिक्षा,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-2025

### आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

**सतना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### पकड़ या मनगढ़ंत कहानी पुलिस की पड़ताल के बाद ही आयेगी सच्चाई

विगत दिवस रात्रि धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम छतैनी के पिपराही मजरा के पास से एक व्यक्ति को दो-चार व्यक्ति रास्ता बताने के नाम पर ले गये। जो पुलिस को वृजपुर में मिला। धरमपुर पुलिस संबंधित से जान रही कौन है अज्ञात लोग आखिरकार एक बार फिर बीते हुए युग को लेकर जहां बदमाशों के मूमेंट को लेकर यह कहानी दिशा दे रही है। सच्चाई तो पुलिस की पड़ताल के बाद ही सामने आयेगी। कहीं स्थानीय मामला कुछ और तो नहीं।

**पन्ना।** जिले के थाना धरमपुर अंतर्गत ग्राम छतैनी के पिपराही मजरा के पास से एक व्यक्ति को रास्ता बताने के लिए दो-चार व्यक्ति ले जाने की बात सामने आई है। जिसकी पुष्टि स्वयं थाना प्रभारी धरमपुर के द्वारा की गई है। संबंधित व्यक्ति धरमपुर पुलिस को बृजपुर में मिला। जहां से धरमपुर पुलिस संबंधित व्यक्ति को लाकर थाना धरमपुर में पूंछतांछ (पड़ताल) को लेकर की जा रही है। जिसके बाद ही सच्चाई सामने आयेगी वैसे तो अब बदमाशों के युग का अंत माना जाता है। लेकिन अगर स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार की रणनीति अपनाकर यह महौल पैदा करना भी अपने आप में कहीं न कहीं भय का वातावरण बनाना वहीं पुलिस के लिए एक चुनौती के हालात पैदा करना माना जा रहा है। वैसे तो कहीं न कहीं अब वर्तमान समय में सच्चाई को लेकर स्वयं ही पुलिस तह तक जानने में सक्षम है। यह घटना बनाई गई या फिर सच्चाई यह तो पड़ताल के बाद ही आयेगा सामने। फिलहाल संबंधित से धरमपुर पुलिस जानने का प्रयास कर रही है। जिसके बाद ही हालात सच्चाई के आयेगें सामने।

### पेयजल की समस्या के चलते रात्रि दो बजे से हैण्डपम्प चलाने के लिए महिलायें पहुंचती है

जिले की जनपद अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलाही की ग्राम कुडई में पेयजल को लेकर लोगों की परेशानी देखते ही बनती है।

**पन्ना।** आखिर अभी भी सभी को चेतने की जरूरत है। यह सिंगनल है जो पेयजल समस्या को लेकर कई गांवो में हालात स्वयं बयां हो रहे है। आने वाले समय में जल का संकट ही सबसे बड़ा माना जा रहा है। वृक्षों का सफाया तथा वृक्षारोपण के नाम पर औपचारिकतायें हालात निश्चितौर पर पर्यावरण तथा पेयजल दोनों को लेकर आने वाले समय में संकट का आहट स्वयं अभी से कई जगह पेयजल की समस्या से जाना जा रहा है। उदाहरण को लेकर जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलाही के ग्राम कुडई में जहां दो बजे रात्रि से महिलायें हैण्डपम्प में पानी भरने को लेकर मजबूर है। जिसके चलते रात्रि की नींद हराम हो गई वहीं दिन में भी जहां घरेलू कामकाज में महिलाओं की जिंदगी स्वमेव जानी जाती है वहीं रात्रि में भी चैन नहीं। जिसके पीछे जल संकट माना जाता है। जहां हेण्डपम्प में कुछ समय के बाद पानी नहीं निकलता। इसीलिए रात्रि के समय दो बजे से ही पानी को लेकर महिलाओं की मजबूरी बनी हुई है। समाजिक संस्था समर्थन जो जल गंगा अभियान व कई समाजिक कार्यों के साथ-साथ पंचायतों में भी सहयोग की भूमिका के निर्वाहन को लेकर कार्य करती है। जिसके कार्यकर्ता ने यह दास्ता बाखूबी रात्रि की समस्या पेयजल को लेकर जहां मीडिया से साझा की। सोशल मीडिया में यह मामला सामने आया है। यह तो महज एक उदाहरण है कई जगह तो हालात जल संकट को लेकर सामने है। वहीं आम आदमी आज भी संघर्ष को लेकर अपने जीवन में जरूरी मानते है। हालात पर्यावरण व पेयजल संकट को लेकर जहां वर्तमान के समय से ही सजग होने की जरूरत है आखिर वृक्षारोपण में औपचारिकता नहीं बल्कि जरूरत वृक्षों की हैं आज जो पौधे रोपे जायेगें कल के लिए यही वृक्ष बनेगें। जिनसे ऑक्सीजन व पानी दोनों की जरूरत पूरी हो सकती है। पर्यावरण संतुलन बनाये रखने को लेकर मानव जीवन में जो सोचने समझने की शक्ति ईश्वर के द्वारा प्रदान की गई है उसका समय पर सद उपयोग करते हुए सजगकता के साथ सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखकर वृक्षारोपण को लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाकर वृक्षों को बचाने का कार्य करें। वृक्ष ही हमारे जीवन को जीने के लिए सहयोगी बनेगें। ऑक्सीन व पानी जैसे प्रमुख जरूरतों को पूरा करेगें साथ ही प्रकृति में जो संतुलन बिगड़ रहा है पर्यावरण को लेकर इसमें भी सुधार की दिशा तय करने के लिए सभी को आगे आना होगा।

# तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूकता हेतु निकाली रैली

**बीडी, सिगरेट और शराब, मानव जीवन करे खराब**

**नशे से हानि, जीवन की व्यर्थ कहानी - ब्रह्माकुमारी सीता बहनजी**

**कुछ पल का मज़ा, सारी उम्र की सजा - व्यसन मुक्त जीवन जीने की सिखाई कला**





**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पन्ना द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम रखा गया एवं नगर में व्यसन मुक्ति हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। बहन जी ने सभी को समझाते हुये कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को हानिकारक मादक पदार्थों से बचाना एवं उनसे दूर रहने के लिए जागरूक करना है। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी विद्यालय का लक्ष्य एवं उद्देश्य है कि समाज में व्याप्त बुराइयां एवं व्यसनों को ज्ञान एवं आध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा दूर करना। उन्होंने कहा कि व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमे जहर की तरह हमारे शरीर को नष्ट करता है। आगे अपने कहा, सोचिए आपने एक कार सिर्फ 5द्10 लाख में खरीदी है वह पेट्रोल से चलती है आप उसकी कितनी साफ-सफाई रखते हैं उसमें पेट्रोल की जगह डीजल नहीं डालते क्यों? क्योंकि कहीं इंजन खराब ना हो जाए, तो ज़रा सोचिए शरीर रूपी गाड़ी में आप क्या-क्या डालते हैं शराब, तंबाकू, बीडी, सिगरेट, गुटका कुछ भी। उस गाड़ी को पेट्रोल पंप पर खड़ा करके उसमें पेट्रोल डालते हैं और यहां चलते-फिरते कहीं भी कुछ भी सारा दिन इसमें डालते रहते हैं, सड़क पर बिक रहा धूल भरा सामान वहीं खड़े-खड़े खाते-पीते रहते हैं। तब यह गाड़ी जिसमें आप नशीले पदार्थ ड्रग्स, अफीम, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब डालते हैं तो उसका इंजन खराब होगा या नहीं? आत्मा परमात्मा की संतान है जो अति सूक्ष्म है शक्ति है; जो इस शरीर रूपी मंदिर में निवास करती है। आप बताइए क्या हम देवताओं को इन चीजों का भोग लगाते हैं? आगे बहन जी ने कहा आज के इस दिवस पर हम व्यसन मुक्त होने के साथ-साथ दूसरों को भी व्यसन मुक्त होने की प्रेरणा देने का संकल्प लेंगे एवं समाज को व्यसन मुक्त बनाने का दृढ संकल्प करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे माननीय विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह जी ने कहा कि, जब भी मैं यहां आता हूं तो मुझे असीम शांति का अनुभव होता है। यहां आकर एक आत्म बल महसूस होता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए आपने कहा की ब्रह्माकुमारी संस्थान हर क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही है चाहे वह जेल हो, वृद्ध आश्रम हो या व्यसन मुक्ति हेतु जागरूकता जैसे अनेक कार्यक्रम। यह वह संस्था है जो हर एक दुखी के साथ खड़ी है। कार्यक्रम के अंत में व्यसनमुक्त होने की प्रतिज्ञा कराई गई। साथ ही नगर में जागरूकता हेतु व्यसनमुक्ती जनजागरूकता रैली निकाली गई। जो ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए छत्रसाल पार्क में समापन हुई।

## श्री मूलचंद सिंह, सहायक ग्रेड-3 का अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवा निवृत्त



**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संस्था में कार्यरत मूलचंद सिंह, सहायक ग्रेड-3, को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31 मई 2025 को अपरान्ह में सेवा से विधिवत रूप से सेवानिवृत्त किया गया। मूलचंद सिंह ने अपने दीर्घ सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ संस्थान की सेवा की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के विभागाध्यक्ष उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने मूलचंद सिंह के कार्यों को याद करते हुये कहा कि मूलचंद कार्यालयीन कार्यों में दक्षता, समयबद्धता एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए सदैव प्रशंसा के पात्र रहे हैं। उनके योगदान को महाविद्यालय परिवार सदैव स्मरण करेगा। श्री मूलचंद सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया और संस्थान के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। समारोह का समापन संस्था प्राचार्य श्री अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वारा श्री सिंह को शाल तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए किया गया। इस अवसर पर संस्था के लेब तकनीशियन राकेश कुमार द्विवेदी, श्री देव व्रत चतुर्वेदी, हरीश कुमार पाठक, राघवेंद्र खरे(सेवानिवृत्त लेखापाल), सहायक ग्रेड-3 शिवम चौबे, अतिथि व्याख्याता अंशुमान रेले, श्रीमती शिवांगी जैन तथा चतुर्थ श्रेणी अशोक पांडे, ओमप्रकाश, जितेंद्र वाल्मीक, बुद्धसेन वर्मा, सुनील वाल्मीक, कल्लू वाल्मीक, चमन विश्वकर्मा, ताराचंद सभी ने श्री सिंह के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी एवं उनके स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय भविष्य की मंगलकामनाएँ कीं।

**चौन तलैया व बराछ तिगड्डा, अस्पताल रोड में छलक रहे जाम**

## रात 8 से 11 बजे के बीच बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में शराबियों का जमावड़ा



**पन्ना।** नगरपरिषद गुनौर शहर की प्रमुख सड़क, चौराहे और खुले मैदानों में शाम ढलते ही शराबियों की भीड़ दिखने लगती है। शराब दुकानों के आसपास हरद्धाही सड़क किनारे बैठकर शराबी शराब पीते हैं और खाली बोतल, डिस्पोजल, पानी और चखना के पाउच फेंककर निकल लेते हैं। शराब दुकान के आसपास सड़क पर दर्जनों शराबी शराब पीते रहते हैं। साप्ताहिक बाजार के खंडहर स्थित क्षेत्रिय बस स्टेंड परिसर में रात 8 से 11 बजे के बीच सैकड़ों शराबियों का जमावड़ा बना रहता है। हरद्धाही तिराहे से लेकर गुनूसागर तालाब,मंडी परिसर के पास ,बिधुतमंडल आफिस की ओर ,नगर परिषद गुनौर मार्ग पर एक दर्जन से अधिक चखना-पानी सोडा की दुकानों से बिक्री होती रहती है। शहरी सीमा के साथ बायपास एवं गुनौर के कुछ ढाबों में खुलकर शराब पिलाई जा रही है। सड़कों पर छलक रहे जाम को रोकने और निर्धारित समय पर शराब दुकान बंद कराने के लिए पुलिस अधिकारी अपने अधीनस्थों को निर्देश देते हैं, लेकिन कुछ दिन सुधार के बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। देहात थाना क्षेत्रों में शराब दुकानें निर्धारित समय पर बंद हो रही हैं, लेकिन देर रात तक ढाबा और टपरों में शराब बेची और पिलाई जा रही है। कुछ शराब दुकानों के पास चल रहे अहाता बंद होने के बाद से शराब पीने वाले सड़क या फिर खाली स्थानों में बैठकर शराब पी रहे हैं। दारू पीने वाले शराब खरीदने के बाद घर पहुंचने से पहले भी सूनसान सड़क या खाली पड़े स्थानों में बैठकर शराब पी रहे हैं। जिसको बंद करना नितांत आवश्यक है। प्रशासन वा आबकारी विभाग इस ओर ध्यानाकर्षण करें, उड़नदस्ते की गाडी लेकर आबकारी विभाग का रूतबा दिखाने वाले अधिकांश अधिकारियों को अपनी डियूटी ईमानदारी से करनी चाहिए। अन्यथा सरकार को आबकारी विभाग पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए। क्योंकि किसी काम का नहीं है...? पन्ना जिले का आबकारी विभाग और उनके जिम्मेदार अफ़सर।

# भारत में शिक्षा या व्यापार? निजी स्कूलों की बेलगाम दुनिया पर लगाम कब?

पन्ना।

हर साल जून में जब नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है, तो देश के करोड़ों अभिभावक उत्साह और चिंता दोनों का अनुभव करते हैं। उत्साह इसलिए कि उनका बच्चा अगली कक्षा में पहुंचा, और चिंता इसलिए कि स्कूल की फीस, किताबें, यूनिफॉर्म, बस शुल्क और 'अनिवार्य' किट की कीमतें जेब का बजट बिगाड़ देती हैं। शिक्षा का अधिकार भले ही संविधान द्वारा प्रदत्त हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत में आज अभिभावकों को शिक्षा नहीं, एक महंगा उत्पाद खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। क्या शिक्षा अब सिर्फ पैसे वालों का विशेषाधिकार बन रही है? देश के अधिकांश निजी विद्यालयों में अब फीस संरचना किसी कार की डाउन पेमेंट से कम नहीं लगती। नर्सरी में प्रवेश के साथ ही किताबें, कॉपियाँ, स्टेशनरी, स्मार्ट क्लास, ऐक्टिविटी चार्ज, बिल्डिंग फंड, इवेंट चार्ज, यूनिफॉर्म और ऐच्छिक नहीं बल्कि अनिवार्य बस सेवा का एक ऐसा कॉम्बो मिलता है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवार पूरी तरह हिल जाता है।

और सबसे ज़्यादा विडंबना तब होती है जब बच्चों को 30 की एनसीईआरटी किताब के बदले 350 की प्राइवेट पब्लिशर की किताब थमाई जाती है उसी पाठ्यक्रम में, उसी विषय पर। पाँच सालों में शिक्षा का बाजारीकरण तीन गुना बढ़ा है। शहरी भारत में निजी स्कूलों की फीस पाँच वर्षों में 150ः तक बढ़ी है, लेकिन उसके अनुपात में न तो शिक्षकों के वेतन में वृद्धि हुई, न ही सुविधाओं में। सरकारी रिपोर्टें भी मानती हैं कि 65ः निजी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं कृ जैसे साफ़ टॉयलेट, पीने का पानी, खेल का मैदान या लाइब्रेरी कृ की घोर कमी है।

### कहीं 'शिक्षा का अधिकार' सिर्फ एक पोस्टर न बन जाए-

भारत सरकार ने शिक्षा के अधिकार (त्र्म्) के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का वादा किया, लेकिन यह अधिकार भी निजीकरण के जंगल में खो गया है। निजी स्कूल त्र्म् को महज़ एक '10ः कोटे' की मजबूरी मानते हैं, और बाक़ी 90ः अभिभावकों से उसकी भरपाई तीन गुना शुल्क लेकर कर लेते हैं।

### समस्या का समाधान क्या है?-

यदि कोई सरकार वास्तव में शिक्षा को जनसेवा का माध्यम मानती है, तो उसे निम्नलिखित 6 कदम तुरंत उठाने होंगे। सभी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी/एससीईआरटी पाठ्यपुस्तकें अनिवार्य हों, शिक्षा का राष्ट्रीय मानकीकरण तभी संभव है जब बच्चे महंगे पब्लिशर्स की किताबों से नहीं, एक समान पाठ्यपुस्तकों से पढ़ें। प्रत्येक स्कूल की ग्रेडिंग हो कृ और उसी आधार पर अधिकतम फीस निर्धारित की जाए। जिन स्कूलों में न प्रयोगशाला है, न खेल का मैदान, वे उच्च स्तरीय स्कूलों जितनी फीस क्यों वसूलें? स्टेट स्कूल रेगुलेटरी अथॉरिटी का गठन हो, जिसकी रेटिंग रिपोर्ट हर साल सार्वजनिक हो हर जिले में एक स्वतंत्र समिति हो जो फीस, परीक्षा, पढ़ाई की गुणवत्ता और अधोसंरचना की जांच करे कृ और उसमें पारदर्शिता हो। स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, बस सेवा पर बंधनकारी अनुबंध समाप्त हो अभिभावकों को खरीद की स्वतंत्रता दी जाए। कोई स्कूल यह नहीं कहे कि "यूनिफॉर्म सिर्फ यहीं से लेनी होगी।" कक्षा 1 से 8 तक किसी भी छात्र को फेल करने की नीति खत्म कर सही मूल्यांकन प्रणाली लाई जाए। फेल ना करने की नीति बच्चों की नींव को खोखला कर रही है। ज़िम्मेदार मूल्यांकन और मार्गदर्शन जरूरी है। शिक्षा को सेवा क्षेत्र माना जाए, न कि मुनाफे का व्यवसाय जिन स्कूलों की सालाना कमाई 50 लाख से अधिक हो, वहाँ ब्ै नीति की तर्ज पर गरीब छात्रों की पढ़ाई का 10ः हिस्सा मुफ्त हो।

### सरकारें जागें, वरना शिक्षा का सामाजिक अनुबंध टूट जाएगा-

यदि शिक्षा में भरोसा टूटा, तो भारत की सबसे बड़ी ताक़त कृ उसकी युवा जनसंख्या कृ बोझ में बदल जाएगी। लोकतंत्र में बराबरी का पहला अवसर शिक्षा से ही आता है। अगर वह असमान और असहनीय मूल्य पर मिलेगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ सुविधाभोगी और वंचित कृ दो भारतों में बँट जाएँगी। अब समय है कि हम शिक्षा को बाज़ार की ताक़तों के हवाले करने की बजाय, समाज और राष्ट्र निर्माण का औजार मानें। वरना इतिहास हमसे यह ज़रूर पूछेगा कृ "क्या हमने शिक्षा बचाई, या उसे बेच दिया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत दिया में कृषि संगोष्ठी सम्पन्न



**पन्ना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज दिनांक 1 जून 2025 को ग्राम पंचायत दिया के दिया ग्राम में कृषि संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिला पन्ना के कृषि विज्ञान केंद्र से आए हुए डॉक्टर आर पी सिंह कृषि वैज्ञानिक, उद्यानकी विभाग से धर्मेंद्र सिंह एसडीओ, अभियांत्रि की शाखा से इंजीनियर नवीन कुमार और महेन्द्र सिंह का आगमन हुआ। दिया ग्राम में कृषि संगोष्ठी, चौपाल का आयोजन हुआ। आधुनिक कृषि, जैविक खेती के बारे में किसानों को बताया गया नए-नए यंत्रों से खेती किस तरह से की जाए मध्य प्रदेश की शासन की योजनाओं का लाभ यंत्रों में किस तरह से लिया जाए और जैविक खेती का उत्पादन कैसे बढ़े इत्यादि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी रहे और पंच अभिलाष सिंह हीरालाल सिंह, विश्राम सिंह, रज्जन प्रसाद,बल बीर सिंह, रवि मिश्रा ,राम जी मिश्रा, मारिया अहिरवार राजेश विश्वकर्मा देवेंद्र सिंह तुलसीदास मिश्रा राजा बाबू मिश्रा इत्यादि सैकड़ो किसानों ने सामूहिक प्रशिक्षण आऐ हुए अधिकारियों से प्राप्त किया। केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना निश्चित ही किसानों को लाभकारी सिद्ध होगी।

## नेहरू युवा केन्द्र के तत्वाधान में संगोष्ठी आयोजित



**पन्ना।** नेहरू युवा केन्द्र पन्ना के तत्वाधान एवं युवा जिला अधिकारी कीर्तिका कुहर के निर्देशन में आज शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में देवी अहिल्या बाई जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी एवं अन्य अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को अहिल्या बाई के जीवनी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कुशल एवं न्यायप्रिय शासिका के रूप में उनके उल्लेखनीय कार्यों सहित सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर व्याख्याता उत्कर्ष श्रीवास्तव, राकेश द्विवेदी, मूलचंद्र सिंह, शिवांगी जैन, अंशुमन रेले, राकेश प्रजापति एवं स्वयंसेवक सत्यम शर्मा उपस्थित रहे।

## वन अधिकार कानून को लेकर के शासन-प्रशासन उचित कार्यवाही करे, वन भूमि पट्टे की मांग

**कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी, होगा मुख्यमंत्री का पुतला दहन, केपी सिंह बुंदेला किसी भी कीमत में आदिवासी दलित अधिकार नहीं छोड़ेंगे, 1 अगस्त से 9 अगस्त तक खूटा गाडो हल चलाओ आंदोलन**



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) सामाजिक संस्था है इस संस्था को राजनीति से कोई लेना-देना नहीं रहता परंतु आज के हालत को देखते हुए भाजपा सरकार के विरुद्ध आदिवासी दलित वर्ग सड़कों में उतरने पर विचार कर रहा है पूर्व 15- 20 वर्ष से अनेक आंदोलन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया जाता रहा है परंतु सरकार कुंभकर्णीय नींद में सोई हुई है संगठन जागने का काम सफल नहीं हो सका! आदिवासी दलित वर्ग आकोर्षित हो चुका है आदिवासी दलित वर्गों से उनका अधिकार सरकार छीन रही है जबकि कानून के मुताबिक नियम अनुसार वन भूमि का अधिकार पाने वास्ते दवा आवेदनो का निराकरण नहीं हो जाता तब तक कब्जाधारी को हटाया नहीं जा सकता परंतु सरकार वन अधिकार को नाकरते हुए जो वन भूमि से बेदखल किया जा रहा है जिससे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वन भूमि के कब्जा धारीयो साथ में लेकर संगठन सड़कों में उतरकर 1 अगस्त से 9 अगस्त तक ष्खूटा गाडो हल चलाओष आंदोलन के तहत आक्रोशित सभा उपरांत मुख्यमंत्री का पुतला दहन होगा तथा आदिवासी दलित वर्ग आगामी चुनाव में भाजपा के विरुद्ध मतदान करके संगठन की ताकत से सरकार को बदलेंगे।

# तेज रफ्तार जीप की टक्कर से दो भैंसों की मौत, एक भैंस गंभीर रूप से घायल





**अमानगंज।** नगर अमानगंज के बाईपास रोड पर आज एक शराब के नशे में गाड़ी चला रहे ड्राइवर के द्वारा सिमरिया से पिपरवाह की ओर आने वाली बायपास रोड पर जीप क्रमांक एमपी 35 जेड डी 2550 ने तीन भैंसों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो भैंसों की मौके पर मौत हो गई और एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई इस घटना की जानकारी अमानगंज पुलिस को मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी ड्राइवर को अपनी हिरासत में ले लिया भैंस पिपरवाह के श्रीराम यादव की बताइए आ रही है।

## खबर संक्षेप



### सल्फास खाने से महिला की मौत, पारिवारिक विवाद बना कारण

**छतरपुर।** उत्तरप्रदेश के महोबा जिले में कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के सुंगरा गांव की रहने वाली 28 वर्षीय निर्मला कुशवाहा ने दो दिन पहले जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद छतरपुर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि निर्मला की वर्ष 2013 में सुंगरा निवासी दयाशंकर कुशवाहा से शादी हुई थी। चूंकि अभी तक उसे संतान नहीं हुई है, जिस कारण से वह उरई में इलाज करा रही थीं। डॉक्टर ने निर्मिला के पति दयाशंकर को शराब और अंडा खाने से मना किया था, लेकिन दयाशंकर ने बात नहीं मानी। दो दिन पहले जब दयाशंकर शराब पीकर घर आया तो निर्मला से उसका विवाद हो गया और इसके बाद गुस्से में निर्मला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे कुलपहाड़ से महोबा और फिर छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को जिला अस्पताल में उसका पोस्टमॉर्टम किया गया।

### अज्ञात कारणों से युवक ने उठाया आत्मघाती कदम



**छतरपुर।** जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र के मऊखेरा गांव के रहने वाले 27 वर्षीय बंधन यादव ने अज्ञात कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों ने बताया कि बंधन सुबह के वक्त, शौच के लिए खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद उसने सल्फास खा लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां रविवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे मिशन अस्पताल रेफर कर दिया था। मिशन अस्पताल ले जाते समय बंधन की रास्ते में ही मौत हो गई।

### ड्रग्स के नशे की चपेट में युवा पीढ़ी पहुंच रही बर्बादी की कगार पर

# ड्रग इंस्पेक्टर की मिलीभगत से मेडिकल स्टोर संचालक कर रहे ड्रग्स की सप्लाई

छतरपुर। प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा अवैध शराब अफीम और अन्य नशीली चीजें पकड़ी जा रही है, लेकिन ड्रग्स के सौदागर खुलेआम इस धंधे को संचालित कर रहे हैं। देखा जा रहा है कि मेडिकल स्टोर के माध्यम से ड्रग्स का इंजेक्शन युवा पीढ़ी को दिया जा रहा है। 50 प्रतिशत युवा पीढ़ी ड्रग्स के नशे का शिकार हो चुकी है, बिना ड्रग्स के इंजेक्शन के युवा पीढी को चैन ही नहीं पड़ता। शाम होते ही मेडिकल स्टोर में युवाओं की भीड़ लग जाती है, और महंगे दामों पर ड्रग्स का इंजेक्शन



खरीद कर युवक खुद अपने हाथ पर लगाते हैं देखा जा रहा है कि शहर में जो सार्वजनिक शौचालय या पेशाब घर बने हुए हैं वहां पर ड्रग्स के खाली इंजेक्शन और डिस्पोज सिरंज भारी मात्रा में पड़ी हुई मिलती है। नगर पालिका की दुकानों के ऊपर शाम को युवाओं का जमघट लगता है, वहां भी बड़े पैमाने पर ड्रग्स के खाली इंजेक्शन और सिरंज पड़े मिलते हैं। जिससे स्पष्ट है कि युवा पीढ़ी किस तरह से ड्रग्स के इंजेक्शन का शिकार हो रही है।

ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कोई कार्रवाई मेडिकल स्टोर पर नहीं की जा रही, यहां तक चर्चा है कि मेडिकल स्टोर से ड्रग इंस्पेक्टर का महीना बधां हुआ है, और यही कारण है कि मेडिकल स्टोर संचालक खुलेआम युवा पीढ़ी को बर्बादी की कगार पर लाने के लिए ड्रग्स रूपी जहर बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। इसी मुनाफे की कमाई से ड्रग्स इंस्ट्रक्टर को हिस्सा दे रहे हैं ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कभी भी मेडिकल स्टरों की जांच नहीं की जाती है। जिससे कई अवैध मेडिकल स्टोर चल रहे हैं, और इन्हीं अवैध रूप से चलने वाले मेडिकल स्टोर में ड्रग्स के इंजेक्शन बेचे जाते हैं। मेडिकल स्टोर की जांच जरूरी है। मेडिकल स्टोर की जांच करने की जिम्मेदारी ड्रग इंस्पेक्टर की होती है, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ की भी जिम्मेदारी है कि मेडिकल स्टोर की वैधानिकता की जांच करें लेकिन सीएमएचओ भी अपने कर्तव्य से दूर है गांव-गांव में अवैध रूप से मेडिकल संचालित हो रहे हैं शासन के निर्देश है कि मेडिकल स्टोर संचालित करने के लिए निर्धारित दुकान की साइज होनी चाहिए। लेकिन छोटे से कमरों में भी मेडिकल स्टोर चल रहे हैं, जो मापदंड पर खरे नहीं उतर रहे हैं और यह सब ड्रग इंस्पेक्टर की मेहरबानी से हो रहा है । जिला मुख्यालय छतरपुर में महोबा रोड पर, लोधी कुइया, राजनगर रोड़, छत्रसाल चौराहे पर पोस्ट ऑफिस रोड़ पर, पठापुर रोड़, कलेक्टर बंगला के बगल में और भी कई स्थान है, जहां ड्रग्स की सफ्लाई होने के आरोप स्थानीय लोग लग रहे हैं, और जिला प्रशासन से कार्रवाई की लगातार मांग कर रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी बर्बाद होने से बच सके।

**इनका कहना है -**

आपके द्वारा जानकारी मिल रही है शहर में कहाँ कहाँ पर यह सब चल रहा है, आप जानकारी भेजिए। मैं तत्काल कार्रवाई करवाता हूं, और जिले के मेडिकल स्टोरों की भी जांच करवाता हूं।

**डॉ आर. पी. गुप्ता**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**

### पत्नी की मौके पर मौत, पति गंभीर रूप से घायल

# निजी एंबुलेंस ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर

**छतरपुर।** मातगुवां थाना क्षेत्र के खैरों गांव के समीप शनिवार शाम एक तेज रफ्तार निजी एंबुलेंस ने बाइक सवार दंपती को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस चालक शराब के नशे में था और घटना के बाद मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक भोईपुरा थाना भगवां निवासी राधा 22 वर्ष, अपने पति मोतीलाल अहिरवार 25 वर्ष के साथ शनिवार को बाइक से अपने मायके से ससुराल जा रही थी। शाम करीब 5:30 बजे खैरों गांव के पास बड़ामलहरा की ओर से आ रही एक निजी एंबुलेंस ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राधा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोतीलाल को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल मोतीलाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राधा को मृत घोषित कर दिया। मोतीलाल को गंभीर हालत में ट्रॉमा वार्ड में भर्ती किया गया है। वहां घटना स्थल पर मौजदू ग्रामीणों ने बताया कि निजी एंबुलेंस का चालक शराब के नशे में था और घटना के बाद मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था। खैरों गांव के कुछ लोगों ने उसका पीछा कर एंबुलेंस को रोका और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया और चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

### साधु संतों का कमंडल और सुंदरकांड मंडल बनाएगा भारत को हिंदू राष्ट्र

# बागेश्वर महाराज ने देश भर के सुंदर कांड मंडल प्रतिनिधियों से किया सम्वाद

**छतरपुर।** इस समय हर गांव, मोहल्ले और शहर में बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल गठित करने का अभियान चल रहा है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्य के तहत विगत रोज छतरपुर में देश भर के गठित किए गए सुंदरकांड मंडलों के प्रतिनिधियों का एकदिवसीय महा सम्मेलन आयोजित हुआ। बागेश्वर महाराज ने मंडलों के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि साधु संतों के कमंडल और बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडलों के सहयोग से भारत को हिंदू राष्ट्र बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महान संतों और महापुरुषों ने जो परंपराएं चलाईं वे आज भी चल रही हैं भले ही वे महापुरुष अब इस दुनिया में नहीं है।



शहर के सागर रोड में स्थित सिद्धि मैरिज गार्डन में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल एवं वर्तमान में देशभर में गठित किए गए बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडलों के प्रतिनिधियों का एकदिवसीय महासम्मेलन आयोजित हुआ। परंपरागत रूप से शुरू हुये इस महासम्मेलन में महाराज श्री ने हनुमान चालीसा का पाठ कराकर सबकी वाणी पवित्र कराई। उन्होंने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सुंदरकांड मंडलों के गठन से न केवल एकता का भाव पैदा होगा बल्कि भेदभाव मिटेगा। एक जुट होने से विधर्मियों को चोट पहुंचेगी। बालाजी की कृपा से सुंदरकांड मंडल से जुड़े लोगों के परिवार व्यसन मुक्त होंगे, जीवन सार्थक होगा। उन्होंने सप्ताह में एक बार सुंदरकांड पाठ करने का आह्वान किया। महाराज जी ने कहा कि जब कोई संकल्प घर से शुरू होता है तो वह दुनिया में फैलता है, हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड मंडल हर जिले से एक-एक धीरेंद्र का कृष्ण शास्त्री को निकालेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, दिल्ली सहित अन्य स्थानों के सुंदरकांड मंडल प्रतिनिधि व शिष्य मंडल के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सुंदरलाल रैकवार ने किया।

बागेश्वर महाराज ने कहा कि कभी भी भीड़ से क्रांति नहीं आई। कोई व्यक्ति ही आगे आता है और उसके विचारों से जब लोग जुड़ते हैं तभी क्रांति का रूप तैयार होता है। महाराज श्री ने सुंदरकांड मंडलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वह जनकल्याण के लिए निकल पड़ें। उन्होंने कुछ महापुरुषों के नाम लेते हुए कहा कि आज वे महापुरुष नहीं है लेकिन उन्होंने जो परंपराएं चलाईं वे अब भी चली आ रही है।

**शपथ लें जीवन भर मंडल से जुड़े रहेंगे**

बागेश्वर महाराज ने लोगों से कहा कि बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडलों के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं जिनमें से प्रमुख रूप से यह है कि मंडल किसी भी राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा नहीं लेंगे, मंडल कोई भी धरना प्रदर्शन में शामिल नहीं होगा, मंडल के सदस्यों को शपथ लेनी होगी कि वह जीवन पर्यंत बागेश्वर धाम से जुड़े रहेंगे और धाम के क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। उन्होंने फिर दोहराया कि मंडल का सदस्य होने के बदले किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**लव जिहाद और जीव हिंसा पर की बेबाक टिप्पणी -**

महाराज श्री ने कहा कि हम अपने बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ें। सनातन दूसरों का सम्मान करने की शिक्षा देता है। उन्होंने लव जिहाद के संबंध में कहा कि षडयंत्र पूर्वक हमारी बेटियों को कुछ लोग अपने जाल में फसाते हैं इसके बाद उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है। बेटियां उनकी बातों से इंकार करती हैं तो उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ती है। महाराज श्री ने कहा कि लगातार हो रही घटनाओं से सचेत और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के साथ-साथ आसपास रहने वाले परिवारों को भी इसके लिए आगाह करें। उन्होंने जीव हिंसा को कतई उचित नहीं ठहराया।




### अज्ञात कारणों से महिला ने उठाया आत्मघाती कदम

**छतरपुर।** शहर के अमानगंज मोहल्ला की रहने वाली 34 वर्षीय क्रांति पत्नी देवेंद्र पटेल ने अज्ञात कारणों से जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि गत शुक्रवार की रात करीब 11:30 बजे, जब घर के सभी लोग सो चुके थे, तब क्रांति ने गेहूं में रखने वाली सल्फास की गोली का सेवन कर लिया। रात में उल्टियां शुरू होने पर उनके पति देवेंद्र को घटना का पता चला। उन्होंने तत्काल क्रांति को छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया। परिजन क्रांति को ग्वालियर के अस्पताल ले गए, जहां रविवार दोपहर 12 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। क्रांति के शव को छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

**छतरपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहर के गांव की देवी मंदिर प्रांगण में भव्य समापन समारोह आयोजित हुआ। वर्षभर चले प्रेरणादायक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद इस त्रिशताब्दी वर्ष का समापन



समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संयोजिका बरखा मिश्रा ने स्वागत भाषण में कहा, लोकमाता अहिल्याबाई न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि नारी शक्ति और सुशासन की प्रतीक थीं। उनकी सामाजिक समरसता और न्यायप्रियता आज भी प्रासंगिक है। मुख्य वक्ता बीरेंद्र असाटी ने उनके जीवन और लोककल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डाला, जिसमें नारी सुरक्षा टोलियां, महिला सैन्य टुकड़ी, संपत्ति में महिलाओं का अधिकार, विधवा पुनर्विवाह और दत्तक पुत्र लेने का अधिकार जैसे क्रांतिकारी कदम शामिल थे। मुख्य अतिथि संघ के सह विभाग संघचालक गुरुप्रसाद अवस्थी ने कहा, अहिल्याबाई नारी सम्मान और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील थीं। उन्होंने अपना राज्य भगवान शिव को समर्पित कर स्वयं को निमित्त माना। उनके आदेशों पर केवल श्रीशंकर की राजमुद्रा अंकित होती थी। कार्यक्रम में श्रुति शर्मा ने अहिल्याबाई पर गीत प्रस्तुत किया, जबकि बालिकाओं ने उनकी जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका पेश की। संचालन योगेश सिन्हा ने किया, और सह-संयोजिका तरुणा चौहान ने आभार व्यक्त किया। मधुकर राष्ट्रोत्थान समिति के अध्यक्ष शिवसहाय राजपूत, शिवेंद्रजी, पवन मिश्रा, सुधीर अरजरिया, दीपाली चौधरी, ज्ञानू अग्रवाल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया, और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर में शामिल रहे छतरपुर के जवान का हुआ भव्य स्वागत

### जवान के सम्मान में एक जुट हुआ समाज, निकाली रैली

छतरपुर। जिले के चंदला क्षेत्र के निवासी और भारतीय सेना के जवान रतन सिंह यादव ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी वीरता और समर्पण से महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर न केवल जिले, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया। इस ऑपरेशन के बाद पहली बार अपने गृह जिले लौटने पर रतन सिंह का जिला वासियों ने जोरदार स्वागत किया, जिसने देशभक्ति और सम्मान का अनूठा माहौल बनाया।



रतन सिंह जैसे ही छतरपुर रेलवे स्टेशन पर उतरे, वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने फूलमालाओं, पुष्प वर्षा और नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। उनके सम्मान में शहर में एक भव्य बाइक रैली निकाली गई, जो छतरपुर की सड़कों पर उत्साह और गर्व का प्रतीक बनी। रैली में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रतन सिंह को फूलों से लादकर और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया, जिसने पूरे शहर में देशभक्ति का जज्बा जगा दिया। इस स्वागत समारोह का आयोजन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह यादव और भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। आयोजकों ने बताया कि रतन सिंह की वीरता और देश सेवा की भावना हर नागरिक के लिए प्रेरणा है। रैली के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर इस जुलूस में शामिल हुए और रतन सिंह के सम्मान में तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नरेंद्र चतुर्वेदी, विक्रम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह यादव, नूतन सोनी, विवेक जैन सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। रतन सिंह ने अपने संक्षिप्त संबोधन में जिला वासियों के प्रेम और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे देश सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।

# सौतेले बेटों ने किया महिला पर जानलेवा हमला

### महिला की हालत गंभीर, जांच में जुटी पुलिस

**छतरपुर।** शहर के पठापुर रोड पर रविवार सुबह एक सनसनीखेज घटना में एक महिला के ऊपर उसके सौतेले बेटों ने चाकू और तलवार से हमला कर दिया। हमले में महिला को सिर, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद पड़ोसियों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक देरी गांव के पूर्व सरपंच कौशलेंद्र सिंह ने दो विवाह किए हैं। वर्तमान में वे अपनी दूसरी पत्नी के साथ पठापुर रोड पर रहते हैं। कौशेन्द्र सिंह किसी काम से प्रयागराज गए हुए थे। रविवार की सुबह उनकी दूसरी पत्नी ममता सिंह



घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी, तभी कौशलेन्द्र की पहली पत्नी के पुत्र दीपराज और मानवेंद्र ने तलवार और चाकू से ममता सिंह पर हमला कर दिया। इस हमले में ममता को सिर, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटें आईं। पड़ोसी कुलदीप ताम्रकार ने घायल ममता को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल ममता सिंह ने बताया कि उनके पति ने शादी के समय खुद को अविवाहित बताया था। शादी के बाद उन्हें पति की पहली पत्नी कमल और दो बेटों, दीपराज और मानवेंद्र, के बारे में पता चला। कमल और उनके बेटे पहले भी ममता के मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर चुके हैं। ममता ने इस संबंध में पहले भी सिटी कोतवाली में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं सिटी कोतवाली टीआई अरविंद दांगी ने बताया कि ममता की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लगभग 40 प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन

## टैलेंट हंट और आर्ट एग्जिबिशन के विजेताओं को मिले पुरस्कार

**छतरपुर।** शहर के युवाओं ने नवोदित कलाकारों को प्रोत्साहन देने और उन्हें मंच प्रदान करने की पहल करते हुए गांधी आश्रम परिसर में तीन दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन का आयोजन किया। इस दौरान टैलेंट हंट के माध्यम से भी कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया।

आयोजन की व्यवस्थापक अनामिका कुशवाहा, कृतिका प्रजापति और निशा सेन ने बताया कि तीन दिनों तक चली इस प्रदर्शनी को शहर के कई लोगों ने देखा और कलाकारों की सराहना की। 30 मई को मंचीय प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें गायन और नृत्य में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण



पत्र और विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अतिथि प्रो. सुधीर छारी, शिवेंद्र शुक्ला, दमयंती पाणी, लखन अहिरवार, महेंद्र तिवारी आदि ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। पूरे आयोजन में सहयोगी के रूप में सोनल, जेबा, यश, आयुष, रितेश, रिया, अनन्या आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन कृष्णकांत मिश्रा ने किया।

खबर संक्षेप

## अपहृत बालिका को गुजरात से किया दस्तयाब

**कटनी**। एक अपहृत बालिका को स्लीमनाबाद पुलिस ने गुजरात से दस्तयाब किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में की गई है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया व उनकी टीम के द्वारा थाना क्षेत्र से अपहृत बालिका को गुजरात राज्य से दस्तायाब किया गया। उक्त बालिका माता पिता के डाटने से टेंशन में आकर घर से बिना बताए चली गयी थी। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने थाना स्लीमनाबाद पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, सउनि. जुबेर अली, आरक्षक रोहित,लखन पटेल,महिला आर. नेहा भट्, सुनीता एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही है।

## हांका गैंग ने आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही

**कटनी**। नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में आवारा मवेशी के विचरण के कारण आम नागरिकों को होनें वाली यातायात संबंधी परेशानी तथा संभावित वाहन दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की हांकां टीम के माध्यम से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पकड़े गए आवारा मवेशियों को वाहन के माध्यम से अमतीरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजनें का कार्य निरंतर जारी है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी तारतम्य में गतदिवस नगरपालिक की हांका टीम द्वारा जय प्रकाश वार्ड के विभिन्न मार्गो में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में आवारा विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे 4 नग मवेशियों को पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की गई। आपने जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी यह कार्यवाही लगातार नियमित रूप से जारी रहेगी।

## कटाई घाट में चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**कटनी**। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर की कटनी नदी के कटाई घाट में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जलकुंभी की सफाई अभियान प्रारम्भ करते हुए जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया और जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लिये गये संकल्प अनुसार म.प्र. प्रदूषण निययंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी द्वारा "जल गंगा सवंर्धन अभियान" चलाया जा रहा है, जो 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जलस्रोतों की साफ सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी एवं एनजीओ ओम साई संस्था एवं विजन ने एक साथ मिलकर श्रमदान किया और कटनी नदी की साफ सफाई की। साथ ही जल स्त्रोतो को संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई व जल के संरक्षण के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी सुधांशु तिवारी, केमिस्ट राजेंद्र शुक्ला, सहायक यंत्री प्रतीक ज्योतिषी, भाग्यश्री सुहाने, गणेष पाठक, विजन की टीम के साथ स्मृति बर्मन, प्रत्यूषा पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

रात के सन्नाटे में चोरों ने दिया वारदात को अंजाम, आलमारी और पेटी घर से दूर सुनसान जगह मिलीं, जांच में जुटी

# लाखों की नकदी और गहने उड़ा ले गए चोर,सोता रह गया परिवार



रीवा। शहर के चोरहटा थाना अंतर्गत ग्राम भोलगढ़ में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी को अंजाम दिया। घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात की है, जब घर के सदस्य गहरी नींद में सोए हुए थे। चोरों ने घर में घुसकर नगदी और कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम भोलगढ़ निवासी छेदीलाल सेन उम्र 55 वर्ष के घर यह चोरी हुई।

परिवार के अनुसार रात लगभग 12:30 बजे सभी सदस्य सोने चले गए थे। छेदीलाल घर के बाहर सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी मुन्नी सेन अंदर ओसारी में सो रही थीं। तड़के लगभग 4 बजे जब उनकी पत्नी की नींद खुली, तो उन्होंने घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया, लेकिन बाहर का मुख्य द्वार खुला हुआ था। इस पर उन्हें कुछ संदेह हुआ और उन्होंने घर की तलाशी ली। घर के कमरों में सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला और आलमारी व पेटी गायब थीं। बाद में यह दोनों वस्तुएं घर से कुछ दूरी पर एक सुनसान स्थान पर पड़ी मिलीं, लेकिन उनमें रखा बीस हजार रुपए नकद व सोने-चांदी के कीमती गहने गायब थे। पीड़ित परिवार ने तत्काल घटना की सूचना चोरहटा थाने में दी, जहां पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि वारदात को जानकार और शातिर चोरों ने अंजाम दिया है, जो काफी तैयारी के साथ आए थे। पुलिस द्वारा आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और गांव के कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। चोरी की इस बड़ी वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

# संभागीय दल कर रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण



रीवा। संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों और निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 6 संभाग स्तरीय अधिकारियों के दल तैनात किये हैं। इन दलों द्वारा भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान का जायजा लिया जा रहा है। गत दिवस संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी एवं आपूर्ति नियंत्रक ने सतना जिले के रामपुर बघेलान विकासखण्ड एवं मैहर जिले के अमरपाटन विकासखण्ड में जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। दल ने खेत तालाब निर्माण तथा कुंए में रिचार्ज पिट निर्माण का अवलोकन किया। इस दल का नेतृत्व चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे ने किया। अधीक्षण यंत्री पीएचई तथा अन्य अधिकारियों ने रीवा जिले के सिरमौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरा में चेकडैम निर्माण एवं बोरीबंधान का निरीक्षण किया। इसी दल ने सीधी जिले के मझौली विकासखण्ड के ग्राम दादर में हितग्राही सुदामा साहू के द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब एवं कुंए में रिचार्ज पिट का भी निरीक्षण किया गया। इसी गांव में रामचन्द्र साहू द्वारा बनाये जा रहे खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। ग्राम दादर में गतवर्ष चेकडैम का निर्माण कराया गया था। उसमें अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है। जो आमजनता के निस्तार और पशुओं के पीने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

# जीओसी मध्य भारत एरिया द्वारा विस्तारित आर्मी कंटीन का हुआ शुभारंभ



रीवा। जीओसी मध्य भारत एरिया से लेफ्टीनेंट जनरल पद्म सिंह सेखावत, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम द्वारा रीवा में किया गया, उल्लेखनीय है कि पूर्व सैनिक कंटीन की स्थापना कर्नल राज सिंह के अथक प्रयास के उपरांत सन 2021 में रीवा में हुई थी। लेकिन पूर्व सैनिकों की बढ़ती हुई संख्या के कारण कंटीन स्टोर्स की भंडारण क्षमता पर्याप्त नहीं हो पा रही थी। विगत वर्ष अगस्त 2024 में जनरल सेखावत के विजिट के दौरान ईसीएचएस के वर्तमान प्रभारी कर्नल जीपी सिंह ने उन्हें पूर्व सैनिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए विस्तार हेतु प्रस्ताव रखा था। इसके पश्चात शीघ्र ही जीओसी ने निर्णय लिया की एक अतिरिक्त स्टोर, पूर्व सैनिकों के लिए प्रतिक्षालय एवं स्थाई लिक्वर काउंटर एवं मैनेजर के लिए कार्यालय का निर्माण प्रारंभ किया जाय इसके साथ ही कंटीन मैनेजर की भी नियुक्त की जाय। इन सभी सुविधाओं का निर्माण रिकार्ड समय में आठ महीने के भीतर पूर्ण किया गया। जीओसी मध्य भारत एरिया के स्वागत में कर्नल जीपी सिंह ने बताया कि कंटीन की मौलिक संख्या वृद्धि के अतिरिक्त जनरल सेखावत के व्यक्तिगत हस्ताक्षेप से ईसीएचएस के साथ तीन प्राइवेट हास्पिटल अनुबंधित हुए थे। तथा ईसीएचएस विल्डिंग का मरम्मत का कार्य भी मंजूर किया गया साथ ही लेवोरेटरी, डेन्टल एवं मेडिकल के अधिकांश उपकरणों को बदला गया। पूर्व सैनिकों की ओर से सूबेदार मेजर (आनरी कैप्टन) सालिकराम नापित ने पुष्प गुच्छ जीओसी को भेंट कर सम्मान दिया। इस पूरे कार्य को सफल बनाने में कमांडेंट 1 एसटीसी के ब्रिगेडियर टी सुरेश एवं 4 टीटीआर, की सीओ कर्नल मनीषा कँवर की अहम भूमिका रही, उनके साथ ही कार्यक्रम में कर्नल जसपाल, सीओ एनसीसी, कर्नल प्रसन्ना, लेफ्टिनेंट कर्नल अरोरा, स्टाफ आफिसर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल पी गंगा, सेवा निवृत्त, कर्नल राज सिंह, कैप्टन प्रदीप सिंह एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# संजय गांधी अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा, डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप, परिजनों ने की जांच और कार्रवाई की मांग, अस्पताल प्रबंधन पर सवाल

रीवा



संजय गांधी अस्पताल, जो विंध्य क्षेत्र का सबसे बड़ा सरकारी स्वास्थ्य संस्थान माना जाता है, एक बार फिर लापरवाही के आरोपों के घेरे में आ गया है। शनिवार तड़के उपचार के दौरान एक 65 वर्षीय महिला की मौत के बाद नाराज परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मृतका की पहचान विद्या देवी यादव, निवासी नीम चौराहा थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र के रूप में हुई है। उनके पुत्र जैनेंद्र यादव ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग 5 बजे उनकी मां को गंभीर श्वास संबंधी समस्या के चलते अस्पताल लाया गया था। परिजनों का आरोप है कि प्राथमिक उपचार के नाम पर केवल ऑक्सीजन लगाने के बाद चिकित्सकों ने कोई उचित इलाज नहीं किया और मरीज को उनके हाल पर छोड़ दिया गया,ऑक्सीजन लगाने के बाद कोई डॉक्टर दोबारा देखने नहीं आया। जब उनकी हालत बिगड़ गई और मां की मृत्यु हो गई,बताया गया कि जब उसकी मॉ की मौत हो गई तो अचानक डॉक्टर की टीम पहुंची और उपचार शुरू कर दिया। बेटे ने आरोप लगाया कि उनकी मां की मौत के जिम्मेदार संजय गांधी अस्पताल के डॉक्टर हैं जिनकी लापरवाही के चलते उसने अपनी मॉ को खो दिया। परिवार के ही राजू यादव ने बताया कि अगर सीनियर डॉक्टर द्वारा विद्या देवी का उपचार समय से किया जाता तो उनकी जान बच सकती थी लेकिन डॉक्टर महज ऑक्सीजन लगाकर खाना पूर्ति कर गायब हो गए और जब उनके प्राण निकल गए तो उसके बाद डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर दिया परिजनों ने डॉक्टर के ऊपर कारवाई किए जाने और व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की है।बॉक्स पूर्व में भी लग चुके हैं आरोपसंजय गांधी अस्पताल पर पूर्व में भी लापरवाही और अव्यवस्थाओं के आरोप लगते रहे हैं। डॉक्टरों की कमी, समय पर इलाज न मिलना, और वार्डों की अव्यवस्था जैसे मुद्दे लगातार चर्चा में रहे हैं। इस ताज़ा मामले ने एक बार फिर अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# किसानों को ई कृषि यंत्र पोर्टल से है अनुदान की सुविधा

**रीवा**। कृषि को उन्नत बनाने के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा दी जा रही है। ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के बाद किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी तरह के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन के लिए भी अनुदान की भी व्यवस्था है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ई कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगर प्रिंट स्केनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा दी गई है। आधार कार्ड और स्वयं की फोटो अपलोड करके भी किसान पंजीयन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन के साथ-साथ किसान को अनुदान का लाभ लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र देना होगा। जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि में किसान को अनुदान का लाभ नहीं मिला है। पंजीयन होते ही किसान को कृषि सामग्री के लिए जिले और आसपास के क्षेत्र में उपलब्ध अधिकृत विक्रेताओं की सूची पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगी। किसान के पंजीकृत मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की जानकारी तथा विशेष कोड प्राप्त होगा। इस कोड के माध्यम से डीलर के यहाँ किसान का आवेदन पत्र खुलेगा। किसान पंजीयन का प्रिंट आउट और विक्रेताओं की सूची प्राप्त कर सकते हैं। इन अधिकृत विक्रेताओं में से किसान अपनी पसंद तथा कृषि उपकरण का मोलभाव करके विक्रेता का चुनाव कर सकते हैं। पंजीयन के बाद किसान को अधिकतम 10 दिन की समय सीमा में उपकरण खरीदना होगा। समय सीमा पूरी होने पर पंजीयन अपने आप निरस्त हो जाएगा। साथ ही किसान अगले 6 माह के लिए पंजीयन से अपात्र हो जाएगा। पोर्टल के माध्यम से किसान एक साल में केवल दो उपकरणों के लिए आवेदन कर सकता है। एक ही उपकरण को खरीदने का लाभ पुनः लेने के लिए पोर्टल में समय सीमा तय है। स्वचलित और शक्ति चलित पंप में पाँच साल तथा शेष सिंचाई पंप, ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइप विद्युत एवं डीजल पंप में सात साल में एक बार खरीदने का लाभ मिलेगा। ट्रैक्टर से चलने वाले कृषि यंत्रों को खरीद के समय किसान के पास उपयुक्त हार्सपावर का ट्रैक्टर होना आवश्यक है। पोर्टल में आवेदन करने के बाद आगे आएं लाभ उठाएं के आधार पर सूची के अनुसार किसानों को अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

# सड़क पर अचानक आए मवेशी के कारण हादसे का शिकार हुआ पुलिस कर्मी

**रीवा**। जिले के बैकुंठपुर थाने में पदस्थ आरक्षक ड्यूटी से लौटते समय बीती रात करीब 9 बजे सगरा के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। बताया गया कि आरक्षक अंजार अंसारी बैकुंठपुर थाने में पदस्थ है जो शासकीय कार्य करके रीवा से बैकुंठपुर लौट रहे थे जैसे ही वो सगरा के पास पहुंचे सड़क पर अचानक मवेशी आने से उनकी बाइक मवेशी से टकरा गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि आरक्षक हेलमेट लगाए थे इसलिए ज्यादा गंभीर चोट नहीं आई। हादसे में आरक्षक का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके से थाना प्रभारी बैकुंठपुर सहित स्टाफ नेघायल आरक्षक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## नगर निगम में झुकी झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण करने वालों पर की कार्रवाई



**रीवा**। नगर निगम आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे के निर्देश पर चलाए जा रहे नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत वार्ड 15 रतहरा नहर के पास का अतिक्रमण हटाया गया है। यहां लोगों द्वारा झुंगी झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। जिस पर नगर निगम अमले द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई, साथ ही समझाईस दी गई कि दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी। इसी प्रकार रतहरा पुलिया के ऊपर से, प्रकाश चौराहा, एवं धोबिया टंकी से जिला अस्पताल तक अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण सहायक ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, एवं अतिक्रमण दल शामिल रहा।

# गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए उपयोगी है रोटावेट

**रीवा**। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार खेती है। खेती के आधुनिकीकरण के साथ इसका तेजी से यंत्रीकरण हो रहा है। अब खेतों की जुताई लगभग शत-प्रतिशत ट्रैक्टरों के माध्यम से होती है। ट्रैक्टर से संचालित कई कृषि उपकरण किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ट्रैक्टर के माध्यम से चलने वाला रोटावेटर और रोटरी टिलर्स खेतों की गहरी जुताई और खरपतवार नष्ट करने के लिए बहुत उपयोगी है। रोटावेटर से किसान अपनी सुविधा और उपयोगिता के अनुसार जुताई की गहराई का निर्धारण कर सकते हैं। इसके उपयोग से नरवाई तथा अन्य खरपतवार छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटकर मिट्टी में मिल जाते हैं। बारिश के बाद इनसे मिट्टी के लिए बहुत उपयोगी हरी खाद तैयार होती है जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान की रोपाई के लिए खेत को समतल करने और पडलिंग के लिए भी रोटावेटर का उपयोग किया जा सकता है। रोटावेटर का उपयोग 35 हार्सपावर से 55 हार्सपावर तक के ट्रैक्टर में सबसे कारगर होता है। रोटावेटर से सामान्य रूप में तीन घण्टे में एक हेक्टेयर के खेत में जुताई का कार्य हो जाता है। बाजार में रोटावेटर के कई माडल उपलब्ध हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार इनका उपयोग कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा रोटावेटर के लिए अनुदान की भी सुविधा उपलब्ध है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में हो रहा जल संरचनाओं का निर्माण



**रीवा**। जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी को सहेजने के लिए जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत मऊगंज जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सरैहा में खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। यहां गत दिवस जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, गांव के सरपंच तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर जल संरक्षण के लिए रैली निकाली। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा ने त्योंथर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घटेहा में चल रहे अमृत सरोवर और खेत तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाबों के निर्माण के संबंध में उपयंत्रियों को निर्देश दिये। अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम भटलों में नल जल योजना की पाइप लाइन लिकेज में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति अनुसूचित जाति बस्ती में शुरू करायी।

# नईगढ़ी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को 48 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार

मऊगंज। थाना प्रभारी नईगढ़ी जगदीश सिह ठाकुर के नेतृत्व मे स्टाफ द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को 48 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायालय मे जे.आर. पेश किया गया।




घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 29.05.25 को फरियादिया थाना उपस्थित आकर एक किता लिखित आवेदन पत्र इस आशय का पेश किया गया कि ग्राम बधवा निवासी लल्लू मुसलमान को मै कुछ दिन पहले उधार पैसा दी थी जब मै अपना उधारी का पैसा मागी तो लल्लू खान उर्फ रसीद मोहम्मद बोला की चलो नईगढी बैक पर तुम्हारा पैसा दे देता हूँ। फिर वहा से फरियादिया को बहाना बनाकर अपनी रिश्तेदारी मे पैसा दिलवाने के बहाने महेवा जंगल मे ले जाकर जबरदस्ती बलात्कार किया। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना नईगढ़ी मे अपराध धारा 64(1) बीएनएस एवं धारा 3(1)(w)(ii),2(2)(va) Sc/st एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलास की गयी जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय एससी एसटी कोर्ट रीवा मे पेश किया गया है।

# आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**मऊगंजः** जिले मे आबकारी टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम-निरपत सिंह पहाड़ी मे पूनम साकेत के रिहायशी माकान से 480 किलोग्राम महुआ लाहन,फूलकली साकेत के रिहायशी माकान से 540 किलोग्राम महुआ लाहन,लल्ली बंसल के रिहायशी माकान से 240 किलोग्राम महुआ लाहन,देवकली साकेत के रिहायशी माकान से 260 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-छूहिया मे अर्चना केवट के रिहायशी मकान से 260 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-बिछरहटा मे सुनैना केवट के रिहायशी माकान से 180 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर म०प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 6 प्रकरणों मे 1960 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 196000 रुपए /- है।सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।